**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**30.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा और नशामुक्त भारत केवल एक औपचारिकता नहीं है क्योंकि बड़ी संख्या में लोग विशेषकर युवा इसका हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों की सराहना की।

पीएम स्वनिधि योजना की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि करीब 46 प्रतिशत महिलाएं पी.एम. स्वनिधि योजना की लाभार्थी हैं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल बनने का आग्रह भी किया।

## सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने नाहन विधानसभा क्षेत्र की रामाधौण पंचायत में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की अपील के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने व स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया है।

## मुख्यमंत्री

राज्य सरकार प्रदेश के सभी मैडिकल कॉलेजों में 5 सौ करोड़ रूपए की लागत से मशीनों का आधुनिकीकरण कर रही है। ये जानकारी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर जिले में नादौन विधानसभा क्षेत्र के कांगू में आज जनस्वास्थ्य शिविर के शुभारम्भ पर दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनरी से मैडिकल कॉलेजों में डायग्नोस्टिक सेवाएं सुदृढ़ व सटीक होंगी और लोगों को तुरंत सही उपचार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार 3 सौ मैडिकल अफसरों के अलावा 2 सौ स्पेशियलिस्ट डॉक्टरों और एक सौ 50 सुपर स्पेशियलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्तियां करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जोल सप्पड़ में मैडिकल कॉलेज का जल्द ही शुभारम्भ किया जाएगा।

**शपथ**

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता आज शिमला स्थित लोक भवन में प्रदेश उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों और एक अतिरिक्त न्यायाधीश को शपथ दिलाएंगे। चिराग भानु सिंह व भूपेश शर्मा को न्यायाधीश जबकि योगेश जसवाल को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह शाम पांच बजे आयोजित किया जाएगा।

**मणिमहेश यात्रा**

चम्बा जिला पुलिस ने विश्व प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं। ये यात्रा 4 सितम्बर से 19 सितम्बर के बीच चलेगी। लोगों की सुरक्षा व बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक विजय सकलानी ने बताया कि यात्रा क्षेत्र को 13 सैक्टरों में बांटा गया है जहां पुलिस व होमगार्ड के करीब 5 सौ जवान तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग में 4 नाके भी स्थापित किए गए हैं जहां गहन छानबीन के बाद ही यात्रियों को प्रवेश दिया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में मॉनसून की रफ्तार धीमी पड़ने से अधिकांश स्थानों पर वर्षा के दौर में कमी आई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में कुछ स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जताई है। कल 31 अगस्त को कांगड़ा, मण्डी और सिरमौर जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**केंद्र सरकार–चीनी**

केंद्र सरकार ने चीनी की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा मासिक कोटा प्रणाली के स्थान पर अगले महीने से पखवाड़े के आधार पर चीनी आवंटन प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत चीनी मिलों को पहले सप्ताह में कम से कम 40 प्रतिशत आवंटन और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।

**जनगणना**

प्रदेश के बर्फबारी वाले इलाकों में जनगणना का दूसरा चरण पहली सितम्बर से शुरू हो रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा और अन्य सामाजिक पहलुओं से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। सिरमौर ज़िले में भी नौहराधार क्षेत्र के बर्फबारी प्रभावित 10 गांवों में इस दौरान जनगणना की जाएगी। उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने सभी लोगों से जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की है।

———————————————————